Supplementary Demands for Grants for Expenditure of the Government of Manipur for the year 1973-74

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRIMATI SUSHILA ROHATGI): Sir. I beg to lay on the Table a statement (in English and Hindis showing the Supplementary Demands for Grants for Expenditure of the Government of Manipur for the year 1973-74.

CALLING ATTENTION TO A MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

Seizure of D.M.S. Bottle caps from a milk depot in Delhi and decision of D.M.S. to Supply Toned Milk only.

श्रीमती लक्ष्मी कुमारी चूंडावत (राजस्थान) : श्रीमन्, दिल्ली में दूध के एक डिपो पर अचानक मारे गये एक छापे के बाद दिल्ली दुग्ध योजना की बोतलों के ढक्कनों के पकड़े जाने और उपभोक्ताओं को केवल टोन्ड दूध सप्लाई करने के दिल्ली दुग्ध योजना के निर्णय की ओर मैं कृषि मंत्री का ध्यान दिलाती हूं।

THE MINISTER OK STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (PROF. SHER SINGH): Sir, the officers of the De'hi Miik Sc'neme regularly inspect the functioning of the milk depots in the city. From time to time special surprise inspections are also carried out, both *suo-moto* and on receipt of specific complaints. In the Course of such inspections all aspects of the functioning of depots and the conduct of the depot agents are examined. In cases in which the adoption of any malpractices come to notice, immediate action is taken to stop such mal-practices as also against the defaulting depot agents. On 21st of August, 1973. a special check was carried ont in respect of Depot No. 065 in Gopinath Bazar, Delhi Cantonment by the field officers of the D.M.S. and it was observed that the depot agents with the assistance of a private individual, were affixing standardised milk aluminium foil caps on some milk bottles the caps of which had been removed. Some toned milk bottle irere also recovered from the private individual who had unauthorisedly entered the depot. The entire staff of this depot have been taken off duty and alternative arrangements have been made for distribution of milk from this depot. Since no specific instance has been mentioned in the Notice by the Hon'ble Member and in view of the fact that the aforesaid incident v;as reported in a section of the Press, presumably the Member is referring to this incident.

Regarding the decision of the D.M.S. to supply toned milk in place of srandardised milk for about a week with effect from 23rd August, 1973, it may he stated that due to adverse weather conditions on the seas dining the present monsoon season as well as the delay in providing berthing facilities to the ships carrying butter oil due to the congestion at Bombay port, the current shipments of butter oil have been unluly delayed. Butter oil is used for the re constitution of milk, specially- during the summer and rainy seasons which are lean seasons for milk production, to supplement the fresh milk intake in order to cater to the distribution requirements. Due to the delay in the arrival of the shipments of butter oil the position regarding the availability of fat required for the processed milk has temporarily become difficult and in order to tide over this temporar. phase it became unavoidable to issue toned milk which contains less fat, in place of standardised milk to the consumers for a few days. It may. however, be clarified that the lota! quantity of milk distributed will remain unchanged except for occasional marginal reductions even during ;his period. Arrangements have been made to procure additional lilies of white butter to the extent presently available as well as to ensure the expeditious despatch and transportation of butter oil to the D.M.S. and it is hoped that it would be possible to restore st 50% of the standardised milk supplies within a week. It may be added that the Delhi Milk Scheme has all along been ensuring ful! supplies of milk to its consumers even during the recent summer

[Prof. Sher Singh) season with the exception of a few days interruption due to a major break-down in the power supply to its Central Dairy. Ii is due to the difficult position resulting from the deficiency in the supply of butter oil that 50% of the standardised milk supply had to be converted into toned milk in August 9, 1973 and now with effect from 23rd August for a few days only toned milk is being issued in place of standardised milk. It is planned to restore atleast 50% of the standardised milk supply within a week and 'he balance progressively thereafter. However, the total quantum of milk distribution has hitherto been maintained at normal levels by utilising 100% of the installed plant capacity and all efforts are being made to continue to do so. All the aforesaid changes that were made in the pattern of milk distribution during this month have been widely notified in the Press as well as through Notices affixed on the milk booths for the information of the consumers. [Mr. DFPIJTY CHAIRMAN in the Chair!

श्रीमती लक्ष्मी कुमारी चूंडावत : उप-सभापति जी, मैंने जान-बूझकर यह प्रश्न हिन्दी में पढ़ा। मुझे उम्मीद थी कि मंत्री जी हिन्दी में उत्तर देंगे। आपसे उम्मीद थी कि आप भी हिन्दी बोलने वाले हैं और मैं भी हिन्दी में बोलती हूं, इसलिए आप हिन्दी में बोलेंगे।

आपने जो दूध के बूथों पर छापे मारे, कुछ बोतलों को पकड़ा उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं या कांग्रेचुलेशंस देती हूं।

श्री नवल किशोर (उत्तर प्रदेश) : बहन जी, मिनिस्टर साहब ने नहीं पकड़ा।

श्रीमती लक्ष्मी कुमारी चूंडावत : इनके विभाग ने पकड़ा। लेकिन आपने जो जवाब दिया और इस बात को इतना सहल और आसानी में लिया, मैं समझती हूं कि यह प्रश्न इतना आसानी से आपको नहीं लेना चाहिए था। जिस तरह से मिलावट हो रही है, जिस तरह से चारों तरफ से हमें मिलावटी चीजें मिल रही हैं, यह आज हमारे सामने अहम् प्रश्न है। दूसरी दुकानों पर जहां प्राइवेट व्यापारी मिलावट करते हैं, उसके लिए हम आवाज उठा रहे हैं, लेकिन जहां सरकारी व्यवस्था में दूध दिया जाए और उसमें भी मिलावट होने लग जाए तो यह बहुत ही बड़ी गम्भीर समस्या हमारे सामने है। आपने जो बोतलों के कैप्स पकड़े, उसके दोनों कारण हो सकते हैं। एक तो स्टेंडर्ड मिल्क के कैप लगा कर टोन्ड मिल्क दिया जाता है। दूसरे उन दूध की बोतलों में पानी या दूसरे तरह की मिलावट होती है। इस तरह का दूध सरकारी व्यवस्था के अन्तर्गत दिया जाना एक चिन्तनीय चीज है। उस हालत में हमारा स्वास्थ्य क्या हो रहा है ? आपने जो टोन्ड दूध देना शुरू किया है, इसी तरह बच्चों को और कोई चीजें खाने पीने की नहीं मिलतीं अगर उन्हें स्टेंडर्ड दूध भी नहीं मिल पाया तो हमारे बच्चों का क्या स्वास्थ्य बनेगा? क्या वह नेंगेब? आप हरियाणा जिले से आने वाले हैं, जहां कहते हैं कि दूध की नदियां बहती हैं, लेकिन दिल्ली में बच्चे पीने के दूध के लिए भी तरस रहे हैं।

दूसरे, मैं आपका ध्यान इस ओर दिलाना चाहती हूं कि जो आपके यहां कार्ड बनते हैं, उनका एक रैकेट चल रहा है। फर्जी कार्ड बनाये जाते हैं। दूध की एक-एक बोतल के दस-दस पैसे लेकर दूसरे लोगों को यह दूध पहुंचाया जा रहा है। यह हमारे लिए बहुत चिन्ता की बात है।

यह शायद मेरी जानकारी में नहीं था, आपने बताया कि वटर आयल के शिप नहीं आने की वजह से आप स्टैंडर्ड दूध नहीं दे सकते हैं। इसका

मतलब यह हुआ कि हमें दूध पीने के लिए भी विदेशों का मुहं ताकना पड़ता है। जहां की 80 प्रतिशत जनता किसान मानी जाती है, जहां करोड़ों की संख्या में कैटल हैं, वहां के मुल्क वाले विदेशों से जब जहाज आये तब उनको दूध मिले, इससे बढ़ कर हमारे लिए लज्जा-जनक चीज नहीं हो सकता है। पीने के दूध के लिए भी हमको बाहर के देशों का मुहं ताकना पड़ता है।

मंत्री जी, आज हर एक चीज़ मिलावट की मिलती है। कोका कोला की बोतलों में दूसरी चीजें मिला कर नकली चीजें दी जा रही हैं। आज स्थिति यह है कि कोई शुद्ध वस्तु हमें खाने के लिए नहीं मिल सकती। धनिया जो पिसा हुआ होता है उसमें घोड़े की लीद मिलाई जाती है। (*Interruptions*) कलकत्ता में गोबर के गोदाम पकड़े गये हैं जो चाय में मिलाया जाता था

(Interruptions)

SHRI A. G. KULKARNI (Maharashtra): Don't (five him new ideas.

श्रीमती लक्ष्मी कुमारी चूंडावत : उन्हें इससे ज्यादा आडिया का पता है। मैं एक मिनट में समाप्त करती हूं। आज हालत यह है कि खाने के लिए शुद्ध जहर तक नहीं मिल सकता है।

प्रो० शेर सिंह : उपसभापति महोदय, मैंने जो वक्तव्य दिया. . .

डा० भाई महावीर (दिल्ली) : उसमें कोई मिलावट नहीं है।

प्रो० शेर सिंह : . . . उसमें कोई ऐसी बात नहीं है कि मैंने चिन्ता प्रकट न की हो। यह चिन्ता का विषय है कि दूध जैसा मिलना चाहिए वह लोगों को मिलता नहीं है और उसमें हेराफेरी होती है। इसलिए हम यत्न करते हैं कि जब भी कोई ऐसी शिकायत आये तो उसकी जांच करवाई जाय ताकि ऐसी गड़बड़ न हो। यह केस तो अभी पकड़ा गया जो नोटिस में आया। पिछले तीन महीनों में हमारे पास करीब 468 शिकायतें आई। उनमें से 38 प्रतिशत के करीब शिकायतों की जांच की तो वे ठीक मिलीं और 62 प्रतिशत के करीब जो थीं वे साबित नहीं हो सकीं या ठीक नहीं मिलीं, गलत थीं। उसमें से हमने 28 व्यक्तियों को जो एजेंट के तौर पर काम करते हैं, वहां पर डिपोज़ के अन्दर उनको निकाला, सर्विस से हटाया। आम तौर पर जो युनिवर्सिटी के विद्यार्थी हैं जो इस काम पर लगे हुये हैं उनको कुछ सहायता मिल जाती है। उनको करीब 30 रु० मासिक, 50 रु०, 60 रु० के बीच मासिक मिल जाता है। उनमें से जो सीनियर एजेंट होता है उसको 1 रु० 87 पै० मिल जाते हैं और जूनियर एजेंट को 87 पै० रोज़ मिल जाते हैं। वे एक घंटे काम करते हैं। उनमें से जब किसी के विरुद्ध कोई ऐसी शिकायत मिलती है और वह साबित हो जाती है तो उसको हटा भी देते हैं, बदल भी देते हैं। एक आध सुपरवाइज़ करने वाले जो आफिसर हैं उनके बारे में शिकायत आई तो उनकी भी जांच कर के उनको हमने चार्जशीट किया। जब भी हमें कोई पता लगता है तो उसकी हम तुरन्त जांच करवाते हैं। यह ढक्कन बदलने की बीमारी बहुत बढ़ रही है; क्योंकि टोन्ड मिल्क और स्टेन्डर्डाइज्ड मिल्क के मूल्य में बड़ा अन्तर है, 32 पै० का अन्तर है। वैसे डेढ़ परसेंट फैट का भी फर्क है। यह अन्तर होने की वजह से यह गड़बड़ होता है। इसके लिए हम यह सोच रहे हैं कि सवेरे केवल स्टैन्डर्डाइज्ड

[प्रो शेर सिंह]

मिल्क दिया करें। इसके बारे में हम अभी विचार कर रहे हैं कि इसमें कोई कठिनाई तो नहीं आयेगी, क्योंकि कई जगह ऐसा है कि कुछ लोग एक ही समय पर दूध लेते हैं। इसके लिए हम यह सोच रहे हैं कि कोई ऐसी व्यवस्था बन सके जिससे एक समय केवल टोन्ड मिल्क और एक समय केवल स्टैन्डर्डाइज्ड मिल्क मिल सके से अदला-बदली की बात न हो सके और आसानी से काम चल सके।

दूसरी बात जो माननीय सदस्या ने मिलावट को कही, तो इसमें मिलावट की ज्यादा बातें नहीं आती हैं, बातें ज्यादा ढक्कन बदलने की आती हैं। मिलावट की एक आध बातें आती हैं तो उसकी भी हम जांच करते हैं और उसमें जो कसूरवार हो उसको सजा मिलती है।

बटर आयल के बारे में जो बात कही कि हमने यह स्पष्टीकरण दिया कि बटर आयल ठीक समय पर न पहुंचने की वजह से हम को कठिनाई हो रही है, तो इसका कारण यह है कि इन दिनों दूध कम मिलता है और तीन लाख लीटर के करीब सप्लाई करनी पड़ती है। अभी शायद 40, 42 या 45 हजार लीटर दूध आया; क्योंकि जन्माष्टमी की वजह से दो तीन दिनों में कमी हो गई थी, लेकिन अब वह फिर बढ़ेगा। फिर भी हमें कभी भी दो लाख लीटर से ज्यादा दूध नहीं मिलता है। फिर रिकम्बाइन्ड मिल्क जो है वह हमें देना पड़ता है। जो विदेशों से बटर आयल और स्किम्ड मिल्क पाउडर आता है, उसकी सहायता से दूध बना कर हमें देना पड़ता है। लीन मन्थ्स में बटर आयल की कमी पड़ जाय तो ज्यादा कठिनाई होती है, क्योंकि फ्रेश मिल्क कम मिलता है। हम यह चाहते हैं कि जितना दूध हम दे रहे हैं उतना हम देते रहें। हमने यह भी सोचा कि कहीं दूध की सप्लाई बिलकुल बन्द न हो जाय इसलिए स्टैन्डर्डाइज्ड मिल्क से डेढ़ परसेंट फैट कम कर वह दूध पूरे का पूरा टोन्ड मिल्क के रूप में दे दिया जाय। यह हमने यत्न किया कि बटर आयल का शिपमेंट आने के बाद उसको उतार कर के जल्दी हम ले आयें और उसी समय हम इसको रेस्टोर कर देंगे। हमें 60 टन के करीब इस महीने में कमी पडी थी। उसी के कारण पहले से सोच कर के हमने ऐसा किया इसमें कुछ सुधार हो सकता है, अगर हमें कुछ व्हाइट बटर मिल जाय। जो मिल्क प्रोडक्ट फैक्ट्रीज हैं, उनसे हमने कोशिश की है और 35 टन के करीब हमसे वादे हुए हैं। लेकिन उम्मीद ऐसी है कि शायद 25 टन मिल सके। तो उस कमी को जितना भी पूरा कर सकते हैं वह पूरा करने का यत्न कर रहे हैं और जैसे ही बाहर से बटर आयल आयेगा वैसे ही पूरी सप्लाई स्टैंडर्ड मिल्क की धीरे-धीरे पूरी कर देंगे।

श्री नवल किशोर: श्रीमन्, मुझे इस बात का ताज्जुब है कि प्रोफेसर शेर सिंह साहब हरियाणा से आते हैं, तो खुद वह अपनी गाय भैंस अपनी कोठी पर रखते हैं या यहीं दूध पीते हैं।

श्री रणबीर सिंह (हरियाणा): आपको भी दूध की जरूरत है।

श्री नवल किशोर: सुनिये। मैं चाहता हूं कि आप दूध पियें। रणबीर सिंह जी हैं, आप हैं, कपूर साहब हैं, इनकी तो कोई बात नहीं लेकिन अगर लोकनाथ मिश्र जी को टोंड मिल्क हें तो यह और भी ज्यादा दुबले हो जायेंगे।

मेरी भी कोई बात नहीं। काम चल जायगा। और जैसा कि बहन चूंडावत जी ने कहा कि शुद्ध जहर भी खाने को नहीं मिलता है, जहर भी खाना चाहें तो वह भी नहीं है हां, उससे फायदा यह है कि स्युसाइड नहीं होगा, वह शुद्ध नहीं है तो मरेंगे नहीं। यह ठीक बात कही।

श्री चन्द्र शेखर (उत्तर प्रदेश): नवल किशोर जी, कभी जहर खा कर देखें तो। आपको क्या जरूरत पड़ी।

श्री नवल किशोर: मुझे तो जरूरत नहीं पड़ेगी, लेकिन आपकी तरफ के लोगों को उसके खाने की नौबत पड़ने वाली है। अच्छा है, जहर खा कर मरेंगे नहीं।

श्रीमन्, तो आपने रेड किया और उसमें आपने पकड़ा। तो असली कारण यह नहीं था कि वहां बोतल की अदला-बदली होती है, यह पता चला कि चूंकि बटर आयल नहीं मिल रहा है, इसलिये टोंड मिल्क की बात की गई है यह कारण है इसलिए यह टोंड मिल्क की बात है। मगर वह एक हफ्ते में समाप्त हो जायगा, इसलिए अभी फिलहल कंज्युमर्स को टोंड मिल्क दे रहे हैं तो इन कंज्युमर्स में मिनिस्टर्स और हाई आफिशियल्स भी इंक्लूडेड हैं या नहीं इंक्लूडेड हैं। आपने सिर हिला दिया लेकिन मैं जानता हूं इसलिए कह रहा हूं। श्रीमन्, यहां पर मक्खन की स्थिति यह है कि मक्खन किसी इंसान को नसीब नहीं हो रहा है, यह दूसरी बात है कि आपके यहां मक्खन पहुंच जाता है। घी की हालत यह है कि वह मिनिस्टर्स को, आफिसरान को, सेक्रेटरीज को मिल जाता हो, तो मिल जाता हो, लेकिन पालियामेंट हाउस के डिपो में वह आउट आफ स्टाक है।

डा० भाई महावीर: 7 जुलाई से नहीं आया।

श्री नवल किशोर: मैं कोई स्पेशल फेवर नहीं चाहता, मगर मिनिस्टर्स को कम से कम अपने आपको मेम्बर्स आफ पार्लियामेंट की कैटेगरी में रखना चाहिये। आपको तमाम दुनिया की चीज मुहैय्या हो जाय, आपके पास गाय और भैंस भी हो और हमको तमाम तरह की मिलावट का दूध दें। आप इस बात को सोचिये।

डा० भाई महावीर यहां हैं। यह डाक्टर नहीं हैं, मेडिकल डाक्टर नहीं हैं। डा० भाई महावीर ने यहां शीशी पेश की दूध की। आज श्याम लाल जी गुप्ता भी एक शीशी ले कर आये हैं।

श्री श्याम लाल गुप्त (बिहार): मैं ले कर आया हूं। मैं पेश करूंगा।

श्री नवल किशोर: वह उन्होंने यहां खरीदी है, जो पालियामेंट हाउस में मिल्क बूथ है उसने सप्लाई की है।

श्री रणबीर सिंह: श्याम लाल जी, आपने उसमें क्या भर कर रखा है।

श्री नवल किशोर: चौधरी साहब, अगर आपने यह तय कर लिया है कि सिर्फ न्यूसेंस वैल्यू आपकी हाउस में है तो मुझे कुछ कहना नहीं है, लेकिन कभी तो सेंस की बात किया करें। *Time bell rings* श्रीमन्, मैं खत्म करता हूं। मैं यह कह रहा हूं कि उन्होंने चूहा दिखाया और यह पता नहीं कि यह क्या-क्या चीजें दिखाने वाले हैं। बहन जी ने कहा कि घनिया में घोड़े की लीद होती है, गोबर होता है और वेजेटेबिल घी से भी गोबर निकल रहा है। तो आखिर इस सबका कुछ होना चाहिए। हाउस में इतना शोर मचता है, इतना ध्यान दिलाया जाता है। आज नन्दा जी, वह ग्रेट नन्दा जो अब एडमिनिस्ट्रेशन

[श्री नवल किशोर]

कमेटी के कोई चेयरमैन वगैरह हो गये हैं या क्या हो गये हैं मुझे पता नहीं।

श्री कृष्ण कान्त (हरियाणा) : एडलट्रेशन नहीं, एंटी एडलट्रेशन कमेटी के।

श्री नवल किशोर : ठीक है, एंटी एडलट्रेशन के। श्रीमन्, आखिर में मैं यह कहना चाहता हूं कि यह इतनी हंसी मजाक की बात नहीं है, इसमें शर्म आनी चाहिये, हम सब को शर्म आनी चाहिये, लेकिन आपको ज्यादा शर्म आनी चाहिये। दूध की ही बात नहीं, हर चीज में तीन महीने में क्या जादू हो गया क्या समाजवाद आ गया कि खाने की चीज, पीने की चीज, दूध, मक्खन, हर चीज गायब हो गई। माननीय मंत्री जी को इस पर कुछ कहना हो तो फर्मायें और यह भी बता दें कि आपके यहां गाय भैंस है या नहीं। अपनी तो भैंस का दूध पीते हैं बैठ कर हमको देते हैं टोन्ड मिल्क।

प्रो० शेर सिंह : माननीय सदस्य ने प्रश्न तो ज्यादा नहीं किये, लेकिन एक-आध बातें कहीं। एक तो आपने कहा कि सिर्फ मिनिस्टर्स को घी मिल जाता है बाकी को नहीं मिलाता है—उनका मतलब दिल्ली मिल्क स्कीम के घी से है (*Interruptions*) हां, न तो मिनिस्टर्स को, न सेक्रेटरी को, किसी को भी 7 जूलाई के बाद घी नहीं मिला है; क्योंकि मार्च के महीने के बाद घी नहीं बन सका। जो मार्च के महीने में घी बना उसके बारे में यह था कि 4 महीने बाद उसको रखें तो खराब हो सकता है, उसमें बदबू पैदा हो सकती है, इसलिए 7 जूलाई को नोटिस दिया, दोनों हाउसिंग कमेटी के चेयरमैन को और उनसे निवेदन किया कि एम० पीज़ को आप सूचना कर दें कि अभी 7 जूलाई तक घी है, तो वे अपना कोटा अगले महीने का भी लेना चाहें तो ले लें, चुनाचे कुछ एम० पीज़ ने लिया भी लेकिन सब ले नहीं सके . . .

श्री लोकनाथ मिश्र (उडीसा) : आपका क्या यह इम्प्रेशन हुआ है कि हाउसिंग कमेटी का जो चेयरमैन है, वह डोमेस्टिक मैटर्स को देखता है?

प्रो० शेर सिंह : क्योंकि उनको मालूम है कि कौन कहां रहते हैं, सबके एड्रेस उनके पास है, एड्रेस भी बदलते रहते हैं और उनको सूचना दी। कई एम० पीज़ ने लाभ उठाया और घी लिया। तो एम० पीज़ में, मिनिस्टर्स में, सेक्रेटरीज़ में कोई भेदभाव इस मामले में है, यह बात नहीं। घी की कमी है इस देश में, यह बात ठीक है। इस साल दूध की विशेष कमी है। पिछले साल सूखा पड़ा और जब बहुत सारी चीजों की कीमत भी बढ़ी तो जैसे मोटा अनाज है, जो कि पशुओं के खाने में काम आता है उसकी कमी से भी कीमत बढ़ी। तो इस वजह से दूध भी कुछ कम पैदा हुआ और उसी के कारण घी भी कम बन रहा है और घी की क़िमत बहुत ज्यादा है। दूध आने में दिक्कत दिल्ली में इसलिए हो रही है; क्योंकि घी की क़ीमत 20–25 रु० तक है एक किलो की। इसलिए जो दूध बेचा करता है वह समझता है घी बना लूं तो ज्यादा मुनाफा है। तो ये कठिनाइयां हैं और हमें यकीन है कोई न कोई समाधान हम निकाल लेंगे और जितना दूध हम देते हैं वह देते रहेंगे। यह ठीक है, थोड़ी फैट की मात्रा हम पूरी करेंगे धीरे-धीरे, क्योंकि फैट की अवेलेबिलिटी कम थी।

डा० भाई महावीर : श्रीमन्, पहली बात तो मैं मंत्री जी से यह निवेदन करना

चाहता हूं कि जब आपने यह कहा कि नार्मल सप्लाई दूध की कम हो रही है और पिछले दिनों में दो बार आपने इस बात को दोहराया कि जो सप्लाई रही है उसमें कोई कमी नहीं आई या अनेएफेक्टेड रही टोटल क्वांटिटी दूध की, तो क्या आपको कभी यह मौका मिला है कि दिल्ली में दूध की बिक्री के समय, दूर नहीं तो यहां से मील-डेढ़ मील के आस-पास जो डिपो हैं, वहां का दृश्य देखने का किसी समय जाकर कष्ट किया, क्योंकि 4 बजे दोपहर के बाद जब डिपो ने खुलना होता है तो 3 बजे से तड़कती धूप में जिसमें 2 मिनट आदमी खड़ा होना मुशिकिल महसूस करता है, वहां पर छोटे-छोटे बच्चे, स्कूल जाने वाली लड़कियां और गृहणियां उस भीड़ के अंदर खिड़कियों पर लगी रहती हैं, कई-कई बार तो जसे दम चढ़ रहा हो, यह हालत वहां दिखायी देती है। यह दृश्य यदि आप देख लें तो मैं समझता हूं आपकी राय या आपका यह दावा कि दूध की कुल मात्रा में कमी नहीं आई, उस दावे को शायद आप बदल लें।

इसके साथ क्या आपको यह मालूम है कि नहीं कि इस समय जो लोग किसी कारण से दूध के बग़ैर गुज़ारा नहीं कर सकते और घर में अगर कोई बीमार है या बच्चा है या कोई ऐसी स्थिति है, पहले चाय से चला लेते थे, अब नहीं चलाते हैं।

हम मेम्बरों के पास ऐसे लोगों के बराबर अनुरोध आते रहते हैं कि किसी तरह से सिफारिश करके, चिट्ठी लिख कर के या फिर मेडिकल ग्राउन्डस पर ही दिला दिया जाय। इस तरह से यह जो दूध की कमी है, अगर इस कमी का ध्यान आप नहीं रखेंग और केवल यह दावा करते रहेंगे कि जो टोटल सप्लाई है उसमें कुछ कठिनाई आ रही है, तो मैं समझता हूं कि आप समस्या का हल ठीक तरह से नहीं कर पायेंगे और वह समस्या और भी कठिन हो जायेगी। इसलिए मैं आपका ध्यान इस चीज की तरफ दिलाना चाहता हूं और पूछना चाहता हूं कि आप इस चीज के लिए कुछ कर रहे हैं या नहीं?

तीसरी चीज मैं यह पूछना चाहता हूं कि आपने कहा था कि 7 जुलाई को हमने सूचना दे दी थी। मैं नहीं जानता कि कितने माननीय सदस्यों को इस तरह की सूचना मिली, लेकिन मैं अपने बारे में कह सकता हूं कि मुझे इस बारे में सूचना नहीं मिली। शायद इसमें कुछ गलती हो गई हो, लेकिन हाउसिंग कमेटी के चेयरमैन उस काम के लिए उपयुक्त समझे जायं और उनके माध्यम से इस तरह की सूचना भेजी जाय, यह बात मेरी समझ में नहीं आई। वास्तव में मैं नहीं समझता कि उनके जिम्मे यह काम डालना कोई उचित बात थी। परन्तु, मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या निकट भविष्य में घी के मिलने की कोई सम्भावना है? क्योंकि मिठाई बनाने के ऊपर बैन था और अब खोये में से भी प्रबन्ध हटा लिया गया है। दिल्ली में अब मिठाई बनाई जा रही है, बर्फी और दूसरी खोये की चीजों की मिठाई काफी तादाद में मिल रही है और बन रही हैं। लेकिन घी, जो कि मिठाई से भी ज्यादा जरूरी है, घरों में लोगों के स्वास्थ्य के लिए जो बहुत जरूरी होता है, उसके मिलने की अभी कोई सम्भावना न हो, जो मिल्क डिपो हैं, जहां पर घी मिलता है, वे लोग इस स्थिति में नहीं हैं कि घी कब से मिलने लगेगा, इसके बारे में मंत्री जी कुछ बतलायेंगे? आज बाजार में घी 22

[डा० भाई महावीर]

रुपया किलो बिक रहा है जो कि एक चिन्ता की बात है।

चौथी चीज मैं यह जानना चाहता हूं कि अभी आपने कहा कि हम बोतलों के ढक्कन बदलने की बात सोच रहे हैं और सवेरे स्टैन्डर्ड मिल्क दें और शाम को टोन्ड मिल्क ही दें। क्या आप ने इस बात पर भी विचार किया है या कर रहे हैं कि जो इस समय बोतलों में दूध दिया जा रहा है, उनका रंग बदल दिया जाय। सिर्फ ढक्कन का रंग कुछ पहिचान के तौर पर रहे, तो उस ढक्कन को बदलने में थोडी सी होशियारी और तिगड़म की बात चाहिये और जो मुनाफा कमाने वाले लोग होते हैं, वे हर तरह की बात कर लेते हैं। इस काम में जो अनुस्कूपलस कर्मचारी होते हैं उनकी भी सहायता इसमें मिल जाती है। आज आप इस चीज को एक दम नहीं कर सकते हैं, लेकिन इसके बारे में प्रयत्न किया जाय। जो बोतल का शीशा है उसका दो रंग हो। टोन्ड के लिए एक प्रकार का रंग इस्तेमाल किया जाय और दूसरे के लिए दूसरे प्रकार का रंग इस्तेमाल किया जाय। इसमें आसानी से शरारत करने की गुंजायश खत्म हो जायेगी।

आखिरी चीज में यह जानना चाहता हूं कि आपने अभी जैसा कहा और हमने उसको मान लिया है कि हम हमेशा इम्पोर्टेड बटर आयल के भरोसे ही जीयेंगे? क्या हम इस मिल्क के सम्बन्ध में कोई और व्यवस्था नहीं करेंगे ताकि आठ साल, दस साल, बीस साल, सौ साल के बाद भी हम अपने दूध की आवश्यकता को पूरा करने के लिए खुद समर्थ हो सकेंगे? इस बात की सम्भावना सरकार को दिखलाई देती है या फिर इस बात के लिए कोई योजना सरकार के पास है? श्रीमन्, दिल्ली और राजस्थान के 800 मिल दूर स्थानों से हम दिल्ली में दूध लाते हैं। हमारी जो कुल आवश्यकता है उसको देख कर हमें यहां पर कुछ कार्यवाही करनी चाहिए ताकि हम स्वयं ही दूध का उत्पादन बढा सकें और अपनी जरूरत स्वयं पूरा कर सकें। इस तरह की सरकार के पास कोई दीर्घकालीन योजना है या नही? अगर इस तरह की कोई योजना है तो वह क्या है?

प्रो० शेर सिंह: माननीय सदस्य ने चार प्रश्न उठाये हैं। पहिला प्रश्न इस बारे में था कि दूध के डिपोज में तीन बजे से पहिले ही भीड़ लग जाती है।

एक माननीय सदस्य: फिर भी लोगों को पूरा दूध नहीं मिल पाता है।

प्रो० शेर सिंह: पूरा दूध नहीं देते हैं, ऐसी बात नहीं है। असल में बात यह है कि बाजार में जो इस समय दूध का भाव है और जो दूध यहां पर मिलता है उसमें काफी अन्तर है। इसलिए लोगों की बड़ी कोशिश रहती है कि किसी न किसी तरह से ज्यादा दूध प्राप्त कर लें और इधर उधर से ले लें। यह भी एक कारण भीड़ का है और भी कई कारण हो सकते हैं।

दूसरी बात माननीय सदस्य ने यह कही . . .

डा० भाई महावीर: कार्ड वालों को पूरा दूध नहीं मिलता है।

प्रो० शेर सिंह: इस बारे में भी शिकायतें आती रहती हैं और हम जांच भी करते रहते हैं। अगर आपके पास इस सम्बन्ध में कोई शिकायत है, तो कृपा करके आप हमें दे दीजिये और हम उसकी जांच करायेंगे।

श्री मान सिंह वर्मा (उत्तर प्रदेश): आज से टोन्ट दूध मिलना शुरू हो गया है और 6 बोतलों के बजाय चार ही बोतल दूध मिला। इस बात को भी आप नोट कर लें।

प्रो० शेर सिंह: इस चीज के बारे में मैं मालूम करूंगा।

तीसरी बात आपने यह कही कि जो नये कार्ड वाले हैं, बीमार आदमी हैं उनको दूध का कार्ड नहीं मिलता है और इस तरह के लोगों को दूध प्राप्त करने में कठिनाई होती है। इस समय दूध की कमिटेड सप्लाई है और जब तक हम इसका एक्स्टेंशन और इसकी कैपेसिटी को नहीं बढायेंगे, तब तक हम दूध दूसरे लोगों को नहीं दे सकते हैं। हम दूध की कमी को दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। प्लान्ट के एक्सपेंशन का काम नवम्बर तक पूरा हो जायेगा और तब हम उम्मीद कर सकते हैं कि नये कार्ड वालों को दूध दे सकेंगे। हमारी कोशिश यह है कि हम 75 हजार लिटर दूध ज्यादा लोगों को दें और यह तब ही सम्भव होगा जब हमारा एक्सपेंशन का प्रोग्राम पूरा हो जायेगा। जिन आदमियों ने अपना नाम रजिस्टर करवा रखा है, जो नये कार्ड बनाना चाहते हैं, इस नये प्रोग्राम के पूरा होने पर कर सकेंगे।

चौथी बात आपने रंग बदलने के सम्बन्ध में कही कि जो स्टैन्डर्ड मिल्क है, टोन्ट मिल्क है, उनके बोतलों का रंग बदल दिया जाय। यह बात भी हमारे विचाराधीन है। हम इस बात पर भी विचार कर रहे हैं कि सवेरे और शाम जो दूध दिया जाता है उनके बोतलों में भी कुछ लिख दिया जाय। किस तरीके से हम इस काम को अच्छी तरह से कर सकते हैं, इस बारे में हम विचार कर रहे हैं और इन सब चीजों की जांच कर रहे है।

तो जो भी मथड ठीक होगा उसको करेंगे, लेकिन यह है कि यह बीमारी खत्म होनी चाहिए। आपने एक बात यह पूछी कि क्या कोई ऐसी दीर्घकालिक योजना है कि हम अपने देश में ज्यादा दूध पैदा कर सकें और विदेशों के ऊपर हमें निर्भर न रहना पड़े। पिछली जो पंचवर्षीय योजनाएं चलती रहीं उनमें पहली तीन योजनाओं में कृषि पर बहुत कम बल था। चौथी योजना में कृषि पर जोर दिया गया, लेकिन एनिमल हसबेंड्री और दूध पैदा करने पर बहुत कम जोर दिया गया। ऐसी बात थी कि जो पैसा राज्य सरकारों को दिया जाता था वह एनीमल हसबेन्ड्री की जगह दूसरी चीजों पर खर्च होता रहा। चौथी योजना में 235 करोड़ रुपया रखा गया था। लेकिन पांचवीं योजना में 700 करोड़ रखने का विचार है और हम यह भी कोशिश कर रहे हैं कि इयरमार्क सैक्टर रखें ताकि जो पैसा इसके लिए दिया जाय वह इसी पर खर्च हो, दूध के उत्पादन को बढ़ाने, पशु पालन और पशुओं की नस्ल सुधारने तथा क्रास ब्रीडिंग पर ही खर्च हो।

डा० भाई महावीर: मैंने पूछा था कि खोए और दूसरी मिठाइयों पर से प्रतिबन्ध खुल जाने के बाद क्या घी बना कर लोगों को उपलब्ध करने की कोई योजना है? आपने आंकडे दिए 700 करोड़ के। मैं जानना चाहता हूं कि यदि यह कल्पना है तो कब तक हम सेल्फ–सफीशिएन्ट होंगे?

प्रो० शेर सिंह: पांचवी योजना में मैंने निवेदन किया . . .

डा० भाई महावीर : पांचवीं योजना में हम आत्म-निर्भर हो जाएंगे।

प्रो० शेर सिंह : सैल्फ-सफिशिएन्ट तो मैं नहीं कह सकता। आज जो दूध हम अपने देश में पैदा करते हैं वह प्रति व्यक्ति 110 ग्राम के करीब मिलता है। पांचवी योजना 6 मिलियन टन बढ़ाने का विचार है। उसके बाद 140 ग्राम के करीब दे पायेंगे, लेकिन वास्तव में आवश्यकता ज्यादा है। जितना दूध लोगों को मिलना चाहिए उसके हिसाब से तो काफी समय लगेगा, लेकिन यत्न यही है कि पांचवीं योजना में हम 6 मिलियन टन दूध बढ़ाएं और 700 करोड़ रुपया उसके लिए और सहायक प्रोग्रामों के लिए ही रखा है।

डा० भाई महावीर : घी का बताइए।

प्रो० शेर सिंह : जैसे दूध का आना बढ़ने लगेगा—आज से बढ़ना शुरू हुआ है—जैसे-जैसे दूध की मात्रा बढ़ेगी, घी बनाना शुरू कर देंगे। अभी कुछ दिन इन्तजार करना पड़ेगा।

SHRI LOKANATH MISRA: Sir, when yon hear complaints almost from every Member of Parliament that the quota for which they have taken the permits was not available to them and they are persons who can ventilate their grievances amply on the floor of the House and put the Minister to a lot of difficulties, if they do not get the entire quota for which they hold permits, you can imagine the lot of the common man for whom this socialist Government i« all the time crying, May 1 know when did the hon. Minister fore-see that the weather was going to be bad this year and milk production was going lo drop and would not be available to the extent it was available last year? What was i he change in the weather, particularly this year, in order to bring down the production of milk? What are the ingredients of toned milk and standard milk? For the first time in my life I am hear-ing something called butter oil. Anything is now being adulterated with anything. We were told that standard milk was buffalo milk. For Mr. Choudhury's information—he is an expert on cows and buffaloes—we are now hold by the hon. Minister that standard milk is itself an adulterated thing. I think now toned milk is probably safer for consumption than standard milk. What is thi* butter oil which is to be mixed in toned milk in order to make it standard milk? What are its ingredients? He imports it from abroad. Does he know what are its ingredients? Why do they mix it? Why do they mix it with toned milk in order to make it buffalo milk? Why is the direct and pure buffalo milk not being old at whatever price it is available?

Therefore I would like to know what aie the different ingredients in the different kinds of milk. Is milk powder a component also i.i this. And if milk powder and butter oil are mixed to make standard milk, then I would advice the Minister not to produce it hereafter and sell it as milk because people are under the impression that they are getting the purest milk when thev get it from the DMS. Of course, now. with these caps being taken out and replaced, they have also started suspecting the quality of the milk supplied by the DMS. But would he kindly give us the different components and ingredients which ;ne mixed in order to make the standard milk and the toned milk so that we will take care of ourselves rather than depending upon the Government?

I'ROF. SHER SINGH: The difference is between the standardised milk and the toned milk is that in the standardised milk the fat content is between 4.5 and 4.6 per cent . . .

SHRI MAHAVIR TYAGI (Uttar Pradesh): We arc talking of oil. Is it not vegetable oil?

PROF. SHER SINGH: That is butter oil.

SHRI LOKANATH MISRA: Are you sure that it is not beef fat?

SHRI SHER SINGH: It is butter fat. and this butter fat is imported from the ECM countries. We reconstitute the milk With the help of the skimmed milk powder

and butter oil. These are the ingredients. Now, we arc i (.'combining these and then we reconstitute this milk which contains 4.5 per cent fat and 8.5 per cent SNF which is solid other than fat.

SHRI MAHAVIR TYAGI: Is it butter oil and not vegetable oil?

PROF, SHER SINGH: There is no adult ration in that. The toned milk contains 3 per cent fat. Of course the SNF is also 8.5 per cent. There is the double toned milk also. That contains 1.5 per tern fat. That is very cheap and it is supplied either to hospitals or small children through municipalities or in the jhuggi-jhompdi areas Where there are poor people. Thai is subsidised.

SHRI LOKANATH MISRA: Do you have any milk without adulteration of the butter fat?

PROF. SHER SINGH: We receive some fresh milk, buffalo's milk as also some quantity of cow's milk. Cow's milk is supplied as row's milk also direct. Standardised milk, toned milk and double-toned milk, these are the qualities that, are supplied. I do not know if any other question *was also* asked.

SHRI LOKANATH MISRA: The other question was, how did you know that the weather was going to be bad this year and therefore the milk supply would dry up? Did you have any indication about it? You say that vou forewarned also the MPs, which you did not do, ant} you said you wrote to the Chairmen of the House Committees as if they are the domestic managers.

PROF. SHER SINGH: That was about ghee because we knew that at that time on the 7th July, we were receiving a little fresh milk, about 40,000 litres only per day and therefore we could not manufacture ghee during that period: we were unable to manufacture. Then we informed the MPs to take their quota of August also because in August also it might be difficult for us to manufacture ghee. It was because of that that we gave that information.

SHRI LOKANATH MISRA: Is there no buttet oil conteni in the ghee that you supplied?

PROF. SHER SINGH: It is all *pure* ghee, ':ent per cent.

